## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.09.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

देशभर में 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र स्वस्थ भारत, सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि इन केंद्रों के माध्यम से वर्तमान में साढ़े सात करोड़ बच्चों और एक करोड़ 10 लाख गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण, स्वास्थ्य तथा देखभाल सेवाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

*************************

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की धीमी रफ्तार पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। नेपाल हाउस में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने लंबित योजनाओं को 15 दिनों के भीतर शुरू करने को कहा है।

*************************

जमशेदपुर में एसआईआर के दौरान तीन अफगानी नागरिकों के नाम सामने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप को दौर शुरू हो गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए पुलिस पर पैसे लेकर पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया है।

झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि यदि कोई अफगानी नागरिक झारखंड की सीमा में प्रवेश कर गया है, तो इसके लिए राज्य सरकार को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता।

*************************

जमशेदपुर में वोटर लिस्ट फर्जीवाड़े में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अफगानी नागरिक मोहम्मद इब्राहिम को गिरफ्तार कर लिया है। विशेष पुनरीक्षण के दौरान संदिग्ध नाम सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि पुलिस इस मामले में शामिल दो अन्य फरार अफगानी नागरिकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

*************************

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रांची रेल मंडल के 17 स्टेशनों का करीब 170 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिकरण किया जा रहा है। रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम श्रेया सिंह ने बताया कि पिस्का, मुरी और गोविंदपुर रोड सहित 5 स्टेशनों का विकास कार्य पूरा हो चुका है।

*************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार एसआईआर के तहत अब तक 7 लाख 22 हजार 440 आवेदन और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। दावा–आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित है, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा।

*************************

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वार्षिक बैठक आज रांची स्थित चैंबर भवन में हुई। इसमें वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए व्यापारियों की सुरक्षा, उद्योगों को बढ़ावा देने, युवाओं के कौशल विकास और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में चैंबर की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं नई कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्षों के चुनाव के लिए कल रांची में मतदान होगा।

*************************

बिहार–झारखंड के मोस्टवांटेड और एनआईए के निशाने पर आए माओवादी नितेश यादव के दस्ते के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई के लिए एक संयुक्त टास्क फोर्स बनाई गई है। सीमावर्ती इलाकों में तैनात इस स्पेशल टीम में सीआरपीएफ, एसएसबी, बिहार एसटीएफ और झारखंड जगुआर के जवान शामिल हैं। पलामू के डीआईजी किशोर कौशल ने कड़ी चेतावनी दी है कि इस इनामी नक्सली की मदद करने या लेवी का पैसा इन्वेस्ट करने वाले सफेदपोशों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

*************************

महिला जूनियर एशिया कप हॉकी में भारत ने फाइनल में जगह बना ली है। चीन के मोकी में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को पांच–एक से हराया। भारत की ओर से सुप्रिया ने हैट्रिक लगाई, जबकि मधु और सुखवीर कौर ने एक–एक गोल किया। फाइनल में भारत का मुकाबला मेजबान चीन से होगा।

*********समाप्त*********